# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

3 अप्रैल 2026

शुक्रवार





आधी रात की गिरफ्तारी से भड़का बनारपुर, फायरिंग केस में पुलिस कार्रवाई पर सड़कों पर 2




## एक नजर

### महिला आरक्षण पर संसद में 16 अप्रैल से चर्चा

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 13 दिन के ब्रेक के बाद 16 अप्रैल से फिर शुरू होगा। ताकि लोकसभा सीटों की संख्या 816 करने से संबंधित विधेयकों को पारित किया जा सके और महिलाओं के आरक्षण कानून को जल्द से जल्द लागू किया जा सके। सरकार ने यह फैसला गुरुवार को लिया। 16, 17 और 18 अप्रैल को सदन में महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। प्रस्तावित 50% की बढ़ोतरी के साथ सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिसमें से 273 (करीब एक तिहाई) सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। सरकार ने 2023 में संसद के विशेष सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पेश किया था। उसी दौरान इस बिल को आधिकारिक रूप से नारी शक्ति वंदन अधिनियम कहा गया।

### पश्चिम बंगाल में 7 इलेक्शन ऑब्जर्वरबंधक सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर से जुड़े 7 इलेक्शन ऑब्जर्वर को बंधक बनाए जाने की घटना पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- उन्हें नौ घंटे बंधक बनाकर रखा। खाना-पानी तक नहीं मिला। यह घटना सोची-समझी और भड़काऊ लगती है। हमें पता है उपद्रवी कौन हैं, इनका मकसद न्यायिक अधिकारियों का मनोबल गिराना और चुनावी प्रक्रिया को बाधित करना है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ढह गई है। बेंच ने राज्य के गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से उनकी निष्क्रियता पर जवाब मांगा। सीईसी ज्ञानेश कुमार ने मामले की जांच एनआईए को सौंप दी। एनआईए टीम शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पहुंचेगी। दरअसल, 7 न्यायिक अधिकारी बुधवार को मालदा के बीडीओ ऑफिस पहुंचे थे। इनमें तीन महिलाएं थीं। तभी वोटर लिस्ट में नाम कटने के विरोध में हजारों लोगों ने ऑफिस को घेर लिया।

# पश्चिम एशिया संकट : एक्शन में मोदी सरकार, राजनाथ सिंह की बड़ी बैठक

## 24 घंटे निगरानी का प्लान तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत सरकार पूरी तरह एक्शन मोड में आ गई है। इस वैश्विक संकट का असर भारत की अर्थव्यवस्था और आम जनता पर न पड़े, इसके लिए सरकार ने एक बेहद मजबूत और बड़ा सुरक्षा चक्र तैयार कर लिया है।दरअसल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में 'मंत्रियों के अनौपचारिक समूह' (आईजीओएम) की एक बेहद अहम बैठक हुई। इस बैठक में मौजूदा हालात की बारीकी से समीक्षा की गई और तय हुआ कि भारत सरकार इस पूरे घटनाक्रम पर 24 घंटे पैनी नजर रखेगी। बैठक में रक्षा मंत्री के अलावा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। सरकार की सबसे बड़ी चिंता यह है कि इस युद्ध की वजह से देश में महंगाई न बढ़े और जरूरी चीजों की सप्लाई न रुके। इसके लिए वित्त मंत्रालय ने कुछ बड़े



फैसले लिए हैं। सबसे बड़ी राहत पेट्रोकेमिकल सेक्टर को दी गई है। वैश्विक व्यापार में आ रही दिक्कतों को देखते हुए सरकार ने 40 बेहद जरूरी पेट्रोकेमिकल प्रोडक्ट्स पर 30 जून 2026 तक सीमा शुल्क पूरी तरह खत्म कर दी है। इसके अलावा, हवाई यात्रियों को महंगे टिकटों से बचाने के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की मासिक कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी पर 25 फीसदी की सीमा लगा दी गई है।कालाबाजारियों पर कड़ा एक्शन

इस बैठक में आम जनता को सबसे बड़ी राहत देने वाली खबर रसोई गैस यानी एलपीजी को लेकर आई। सरकार ने साफ कर दिया है कि देश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक है और किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। रिफाइनरियों में एलपीजी का प्रोडक्शन बढ़ा दिया गया है। हालांकि, कुछ जगहों पर इस संकट का फायदा उठाकर जमाखोरी और कालाबाजारी की खबरें आई थीं। इस पर सरकार की नजर है।

### मजदूरों और छोटे परिवारों का खास ख्याल

सरकार ने कम गैस इस्तेमाल करने वाले परिवारों और प्रवासी मजदूरों की सुविधा के लिए 5 किलो वाले छोटे सिलेंडरों की सप्लाई तेज कर दी है। बीते कुछ ही दिनों में 4.3 लाख से ज्यादा ऐसे सिलेंडर बांटे जा चुके हैं। इसके साथ ही, फैक्ट्रियों के लिए भी कमर्शियल एलपीजी की 80% से ज्यादा सप्लाई को बरकरार रखा गया है।

## असम का सियासी रण : अमित शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले- घुसपैठियों के हवाले कर दिया था काजीरंगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

असम में चुनावी बिगुल बज चुका है और इसके साथ ही सियासी वार-पलटवार का दौर भी तेज हो गया है। इसी सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कलियाबोर में जनसभा को संबोधित किया। अपने भाषण के दौरान अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के समय राज्य को सिर्फ उपेक्षा और पिछड़ेपन के अलावा कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासन के दौरान विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा को घुसपैठियों के हवाले कर दिया था। वहां अवैध कब्जों को बढ़ावा दिया गया जिससे हमारे वन्यजीवों और पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचा। भाजपा सरकार ने उसे फिर से दुनिया के नक्शे पर चमकाया। अमित शाह ने आगे कहा कि आज काजीरंगा पूरी तरह से सुरक्षित है। सरकार ने न सिर्फ जंगलों को अतिक्रमण मुक्त कराया, बल्कि काजीरंगा को दुनिया के पर्यटन मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाई है। आज देश-विदेश से लाखों पर्यटक बिना किसी डर के यहां आ रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल रहा है।

## कहा- बहस में प्रियंका गांधी को भी दे सकती हैं मात

# केरल चुनाव : पीएम मोदी ने की भाजपा कार्यकर्ता की तारीफ



**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वायनाड में भाजपा की बूथ अध्यक्ष विनिता के.के. की तारीफ की। उन्होंने भरोसा जताया कि वह सार्वजनिक बहस में मौजूदा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। उन्होंने सभी पार्टी से केरल चुनाव से पहले घर-घर जाकर संपर्क मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत नमो ऐप के जरिये केरल के बूथ स्तर के भाजपा कार्यकताओं से बातचीत की। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को जमीनी स्तर पर पार्टी की पहुंच मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कई कार्यकताओं से बातचीत की, जिसमें वायनाड जिले के मंथनवाड़ी से बूथ अध्यक्ष विनिता केके भी शामिल थीं। न्होंने सुझाव दिया कि स्थानीय मीडिया उनकी और वायनाड की मौजूदा सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बीच सार्वजनिक बहस कराए। उन्होंने कहा, मुझे पूरा भरोसा है कि आप मौजूदा कांग्रेस सांसद से बेहतर भाषण देंगी। मोदी ने जमीनी स्तर के कार्यकताओं में आत्मविश्वास और तैयारी के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने बूथ स्तर के पार्टी कार्यकताओं से कहा कि वे घर-घर जाकर चुनावी अभियान तेज करें और मतदाताओं को आगामी राज्य चुनावों में भाजपा और एनडीए को मौका देने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा, आप (केरल के लोग) ने कांग्रेस और वामपंथियों को 75 साल दिए। भाजपा और एनडीए को पांच साल दें। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि वे पार्टी के शासन के रिकॉर्ड को उन राज्यों में साझा करें, जहां भाजपा पहले सत्ता में रही है।प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकताओं को निर्देश दिया कि मतदान से पहले प्रत्येक मतदाता से कम से कम तीन बार संपर्क करें, ताकि लगातार जुड़ाव से विश्वास और समर्थन बढ़े। केरल की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि न केवल सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) बल्कि विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) भी भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक राजनीति को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, एलडीएफ और यूडीएफ सिर्फ भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता फैला रहे हैं, बल्कि केरल को दोहरी चोट भी पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने भारतीय क्रिकेटर संजू सैमसन को भाजपा कार्यकताओं के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि जैसे क्रिकेटर संजू सैमसन ने विश्व कप के नॉकआउट चरण में अपने खेल की ताकत से प्रदर्शन की

### पीएम की चाय बागान की महिला कामगारों से चर्चा

भाजपा ने पीएम मोदी का चाय बागान पहुंचने और वहां महिला कामगारों से बातचीत का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में मोदी चायपत्ती तोड़ते नजर आए। उन्होंने एक महिला से कहा कि आपने मुझे सिखाया है, आज से आप मेरे गुरू हैं। वहीं एक अन्य महिला सेल्फी खींचती है तब पीएम कहते हैं कि आप तो फोटो खींचने में एक्सपर्ट हो गए। यही नहीं पीएम ने महिलाओं का गाना भी सुना और ताली बजाकर प्रशंसा की।

### असम की 45 सीटों पर ये वोट बैंक

असम की करीब 3.5 करोड़ आबादी में करीब 18-20% टी ट्राइब्स हैं। राज्य की कुल 126 सीटों में से 45 सीटों पर यह समुदाय बड़ा ह्वोट बैंकह्व माना जाता है।

# हॉर्मुज जलडमरूमध्य खोलने की कोशिशों में भारत भी शामिल, ब्रिटेन के नेतृत्व में अहम बैठक में लिया हिस्सा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' को फिर से खोलने के प्रयासों में अब भारत भी शामिल हो गया है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने गुरुवार को एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि मौजूदा संकट का हल केवल बातचीत और कूटनीति के रास्ते से ही संभव है। मिस्त्री ने यह बात ब्रिटेन की मेजबानी में आयोजित 60 से अधिक देशों की एक अहम बैठक में कही। यह बैठक संवेदनशील हॉर्मुज जलडमरूमध्य में वैश्विक समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर केंद्रित थी। उन्होंने इस बैठक में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लिया। बैठक के दौरान भारत ने साफ किया कि अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों में आवाजाही की



स्वतंत्रता और बिना रुकावट जहाजों का संचालन बेहद जरूरी है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मिस्त्री ने कहा कि हॉर्मुज जैसे अहम समुद्री मार्गों पर किसी भी तरह की बाधा का असर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। ईरान द्वारा इस जलडमरूमध्य पर आंशिक रोक लगाए जाने के कारण वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति पर बड़ा असर पड़ा है। भारत के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से आता है। विदेश सचिव ने बैठक में यह भी बताया कि इस संकट का भारत पर सीधा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत ऐसा देश है जिसने खाड़ी क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों पर हमलों के दौरान अपने नाविकों की जान गंवाई है।

# गौतम अडाणी ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में किए दर्शन

**एजेंसी। अयोध्या**

अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने अपनी पत्नी प्रीति अडाणी, बेटे करन अडाणी और बहू परिधि अडाणी के साथ अयोध्या का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन कर पूजा-अर्चना की। जान लें कि यह मंदिर प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पर स्थित है। यह आस्था, संस्कृति और भारतीय सभ्यता की निरंतरता का प्रतीक माना जाता है। गौतम अडाणी ने हनुमान जयंती के मौके पर अयोध्या दौरे पर



आना बेहद भावनात्मक और गर्व का पल बताया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक एकता, आत्मविश्वास और मूल्यों का प्रतीक है। साथ ही, उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों- सत्य, कर्तव्य और सेवा को हमारे देश के भविष्य के मार्गदर्शक सिद्धांत बताए।







# डुमरांव में एनसीसी टीएससी चयन शिविर संपन्न, कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन और दमखम




**डी.के. कॉलेज में आयोजित शिविर में शारीरिक दक्षता, ड्रिल व लिखित परीक्षा के आधार पर हुआ चयन**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव स्थित डी.के. कॉलेज परिसर में 30 बिहार बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में थल सेना कैंप (टीएससी) चयन शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स ने भाग लेकर अपने अनुशासन, शारीरिक क्षमता और प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

चयन शिविर के दौरान कैडेट्स की शारीरिक दक्षता, परेड (ड्रिल), लिखित परीक्षा एवं अन्य निर्धारित मानकों के आधार पर परीक्षण किया गया। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं मानकों के अनुरूप संपन्न कराई गई, जिससे योग्य कैडेट्स का चयन सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम का संचालन एनसीसी प्रभारी अरबाब खान के नेतृत्व में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ कैडेट रौशन सिंह एवं कैडेट साहिल सिंह की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूरे शिविर में अनुशासन और समर्पण का माहौल देखने को मिला, जो एनसीसी की मूल भावना को दर्शाता है।

इस अवसर पर 30 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हेमंत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी न केवल युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करता है, बल्कि उनमें राष्ट्र सेवा की भावना भी जागृत करता है। उन्होंने चयनित कैडेट्स को आगामी टीएससी कैंप के लिए शुभकामनाएं दीं और अन्य कैडेट्स को भी निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी।

कॉलेज की प्राचार्या प्रो. वीणा कुमारी ने इस सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एनसीसी टीम और सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।

शिविर के अंत में चयनित कैडेट्स की सूची जारी की गई और उन्हें आगामी टीएससी कैंप के लिए शुभकामनाएं दी गईं। आयोजन की सफलता पर 30 बिहार बटालियन एनसीसी के अधिकारियों एवं सहयोगियों की सराहना की गई।

## ठेकेदारी विवाद से शुरू हुई हिंसा ने लिया तूल, पुलिस पर पक्षपात और दबंगों को संरक्षण देने का आरोप

# आधी रात की गिरफ्तारी से भड़का बनारपुर, फायरिंग केस में पुलिस कार्रवाई पर सड़कों पर उतरे ग्रामीण

**केटी न्यूज/चौसा**

मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बनारपुर गांव में ठेकेदारी विवाद को लेकर हुई मारपीट और फायरिंग की घटना ने अब नया मोड़ ले लिया है। मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार की सुबह आक्रोशित लोगों ने चौसाझ्रमोहनिया मुख्य मार्ग को जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया।



दरअसल, मंगलवार की दोपहर बनारपुर में पूर्व के ठेकेदारी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी, जो बाद में फायरिंग तक पहुंच गई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से आलोक तिवारी को गिरफ्तार कर लिया।लेकिन गिरफ्तारी की प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने बुधवार की देर रात बिना किसी पूर्व सूचना के आलोक तिवारी के घर पर धावा बोला। इस दौरान दरवाजे और खिड़कियां तोड़कर घर में घुसा गया, जिससे पूरे परिवार में दहशत फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्रवाई कानून और प्रक्रिया के खिलाफ है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बनारपुर गांव के साथ प्रशासन का रवैया हमेशा से कठोर रहा है। उनका आरोप है कि छोटी-छोटी घटनाओं में भी पुलिस गांव में घुसकर तोड़फोड़ करती है और महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है।

गांव के किसान मुन्ना तिवारी ने आरोप लगाया कि पुलिस केवल कमजोर वर्ग और किसानों पर ही सख्ती दिखाती है, जबकि प्रभावशाली और दबंग लोगों के खिलाफ नरमी बरती जाती है। उन्होंने आनंद राय पर अवैध खनन और मिट्टी ढुलाई जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विरोध करने पर खुलेआम गोलीबारी की जाती है, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना रहता है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यह जांच वरीय अधिकारियों की निगरानी में हो, ताकि सच्चाई सामने आ सके। साथ ही उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की मांग उठाई है।

सड़क जाम के कारण चौसाझ्र मोहनिया मार्ग पर यातायात काफी देर तक बाधित रहा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, जिसके बाद स्थिति धीरे-धीरे नियंत्रण में आई।

वहीं, पुलिस प्रशासन ने अपने पक्ष में सफाई देते हुए कहा कि फायरिंग की घटना में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज की गई है और उसी आधार पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारी पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई है।

पुलिस अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले की जांच निष्पक्ष रूप से जारी है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल, गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

हालांकि, शाम पांच बजे के बाद पुलिस के समझाने के बाद आक्रोशित लोगों ने जाम हटाया, इसके बाद ही परिचालन बहाल हो सका।

## एक नजर

### प्रमोद कुमार बने कोरानसराय के नये थानाध्यक्ष, लाइन हाजिर हुई माधुरी कुमारी

**डुमरांव।** एसपी शुभम आर्य ने कोरानसराय थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी को लाइन हाजिर कर दिया है। उनके जगह राजपुर थाने में पद स्थापित प्रमोद कुमार को कोरानसराय थाने की कमान सौंपी गई थी। एसपी का यह फैसला बेहतर पुलिसिंग के रूप में देखा जा रहा है। जानकारों का कहना है कि माधुरी कुमारी का लंबे समय से शिकायत मिल रहा था, जिसकी पुष्टि कराने के बाद एसपी शुभम आर्य ने यह कार्रवाई की है। तबादले की चिट्ठी बक्सर पुलिस के सोशल मीडिया पर भी शेयर की गई है। एसपी ने 24 घंटे के अंदर नये थानाध्यक्ष को कोरानसराय में योगदान करने का निर्देश दिया है। एसपी के इस फैसले से कोरानसराय थाना क्षेत्र में खुशी व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने एसपी के इस फैसले की जमकर सराहना की है।

### हार्वेस्टर से निकली चिंगारी बनी आफत किसानों की महीनों की मेहनत राख

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के रसेन पंचायत अंतर्गत छितन डिहरा गाव में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में जहां एक ओर गेहूं की कटाई का कार्य जोरों पर चल रहा था, वहीं दूसरी ओर हार्वेस्टर से निकली एक छोटी सी चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस आगलगी में करीब ढाई एकड़ में लगी तैयार गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह राख हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के बधार में हार्वेस्टर से कटाई का काम चल रहा था। इसी दौरान मशीन से निकली चिंगारी संतोष कुमार राय के खेत में गिरी और सूखी फसल ने तुरंत आग पकड़ ली। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुआं उठता देख किसानों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को बुलाया और तत्परता दिखाते हुए समरसेबल पंप चालू कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों और दमकल कर्मियों की घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि तब तक ओड़वार गांव के किसान रामजी सिंह समेत कई किसानों की फसल पूरी तरह जल चुकी थी। इस घटना से प्रभावित किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पूर्व मुखिया रामजी राय एवं अकबरपुर मुखिया प्रतिनिधि राजेश सिंह ने प्रशासन से पीड़ित किसानों को जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### बिना नंबर प्लेट बाइक से शराब तस्करी पुलिस को चकमा देकर फरार हुआ धंधेबाज

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मोतीशाबाद के समीप गश्ती के दौरान पुलिस ने सड़क किनारे से 96 पीस ह्य8 पीएमह्ल अंग्रेजी शराब बरामद की है। हालांकि कार्रवाई के दौरान बाइक सवार तस्कर पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान एक बिना नंबर प्लेट की संदिग्ध बाइक आती दिखाई दी। पुलिस ने जब उसे रुकने का संकेत दिया, तो चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा किया, लेकिन खुद को घिरता देख तस्कर ने बाइक पर लदी शराब सड़क किनारे फेंक दी और मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने मौके से शराब को जब्त कर लिया है और अज्ञात तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी पहचान में जुट गई है। स्थानीय स्तर पर छापेमारी और जांच तेज कर दी गई है।

## घर-घर जाकर जनगणना के लिये प्रगणक और पर्यवेक्षक करेंगे भौतिक सत्यापन

**इसबार की जनगणना होगी डिजिटल मोड में, जिसे सभी को बताया गया**

**डुमरांव।** जगणना 2027 को लेकर अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। इसको लेकर प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों के साथ बैठकों का दौर शुरू हो गया है। गुरूवार को नप कार्यालय के सभागार में ईओ राहुल धर दूबे की अध्यक्षता में सभी चार्ज अंतर्गत प्रगणक और पर्यवेक्षकों की बैठक आहूत की गई। बैठक में इस बात की जानकारी दी गई की नप के सभी 35 वार्डों में एचएलबी का निर्धारण करते हुए जनगणना करना है। बताया गया की इसके तहत 140 से 150 मकानों संख्या तथा 7 सौ से 8 सौ की जनसंख्या पर एक एचएलबी का निर्धारण किया जाएगा और इसी के अधार पर जनगणना 2027 के प्रथम होगा जो 2 से 31 मई तक चलेगा। सभी को यह बताया गया कि इसबार की जनगणना डिजिटल मोड में होगी, इस पर सरकार द्वारा काफी फोकस किया जा रहा है। उसी तैयारी को लेकर चुनाव से जुड़े लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इतना ही नहीं लोगों को स्व जनगणना करने का भी अधिकार दिया गया है। स्व जनगणना का कार्यक्रम 17 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगा। डिजिटल मोड में जनगणना होने से लोगों को किसी बात की जानकारी लेने में कोई परेशानी नहीं होगी। प्रगणक और पर्यवेक्षकों हर उस पहलू की जानकारी दी जाएगी, जिससे फिल्ड में उन्हें कोई परेशानी नहीं हो। मालूम हो कि नप के विस्तार होने से यह 35 वार्डों में विभक्त हो चुका है। विस्तारित क्षेत्रों में कई ऐसे गांव आ गए हैं, जो कभी पंचायत का हिस्सा हुए करते थे। ईओ राहुलधर दूबे ने बताया की विस्तारित क्षेत्रों में जनगणना होने से नगर परिषद की वास्तविक जनसंख्या कितनी है, जानकारी हो जाएगी। बैठक में कोषांग कर्मी के रूप में डा. अभय कुमार पांडेय, सुनील कुमार, अभिमन्यु प्रताप सिंह, प्रधान सहायक दुर्गेश सिंह, मो. राजा, मो. मंजर हुसैन, मो. इम्तियाज सहित अन्य मौजूद रहे।

# सोमाली मौजा में अटके राजस्व मामलों को रफ्तार देने की तैयारी



**लगान निर्धारण और अभिलेख सत्यापन पर जोर, प्रशासन ने समयबद्ध समाधान का दिया भरोसा**

**केटी न्यूज/चक्की**

प्रखंड मुख्यालय में गुरवार को आयोजित एक अहम बैठक में प्रशासन ने लंबे समय से लंबित राजस्व मामलों को तेजी से निपटाने की दिशा में ठोस पहल के संकेत दिए। एडीएम अरुण कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ यादव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य फोकस चक्की क्षेत्र के शिवपुर दियर स्थित सोमाली मौजा में अधूरे पड़े सत्यापन कार्य और लगान निर्धारण को लेकर रहा।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सीएस और आरएस सर्वे पूरा होने के बावजूद कई भूखंडों का सत्यापन अब तक लंबित है, जिससे राजस्व वसूली प्रभावित हो रही है। वर्तमान में इस मौजा में कुल 36 जमाबंदी दर्ज हैं, लेकिन कई मामलों में न तो लगान तय हो पाया है और न ही अभिलेखों का सही मिलान हो सका है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिन भूखंडों पर रिविजनल सर्वे के आधार पर लगान बनता है, उनका शीघ्र निर्धारण कर संबंधित फाइलें डीसीएलआर कार्यालय भेजी जाएंगी। वहीं, जिन खातों में पहले से लगान तय है, उन्हें यथावत रखते हुए राजस्व संग्रहण को सुचारू बनाए रखने पर जोर दिया गया।

अंचलाधिकारी संगीता कुमारी ने बताया कि सोमाली मौजा से जुड़े आवश्यक अभिलेख जिला स्तर से मंगवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दस्तावेज मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर सत्यापन और लंबित मामलों के निष्पादन का कार्य तेज किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों ने बैठक में भूमि विवादों और लगान निर्धारण से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए त्वरित समाधान की मांग की। इस पर प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि सभी मामलों में पारदर्शिता और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि लंबे समय से अटके राजस्व मामलों को जल्द ही गति मिलेगी और क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी।




# बुनियाद केन्द्र का निरीक्षण समक्ष के अधिप्राप्ति विशेषज्ञ ने किया, दिया आवश्यक निर्देश



**केटी न्यूज/डुमरांव**

पिछले एक सप्ताह से डुमरांव प्रखंड कार्यालय स्थित बुनियाद केन्द्र में आंखों के विशेषज्ञ के द्वारा जांच की जा रही है। आंखों के मरीज को आवश्यक बातों की जानकारी देते हुए, चश्मा लगाने की सलाह दी जाती है। जरूरत के अनुसार जिसको जितना पावर वाले चश्मा चाहिए उसे उपलब्ध कराया जा रहा है। चश्मा वितरण करने और आखों की जांच करने का समय एक माह तक निर्धारत किया गया है, जो 23 अप्रैल 2026 को समाप्त हो जाएगा। इसी शिविर का जांच करने के लिये सक्षम पटना से अभिप्राप्ति विशेषज्ञ अरूण कुमार ने गुरूवार को बुनियाद केन्द्र का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान आंख जांच के लिये पहुंचे मरीजों से मिल रही सेवा के संबंध में जानकारी हासिल की।

उन्होंने बताया की 1 हजार मरीजों की आंख की जांच कर उचित सलाह के साथ पावर वाले चश्मा मुफ्त में दिया जाएगा। यह शिविर एक माह का लगा हुआ है, जो 23 अप्रैल को समाप्त हो जाएगा। उन्होंने इलाज के लिये आए महिल व पुरूष से अपने गांव, टोला और शहर के मोहल्लों के लोगों को इस शिविर की जानकारी देकर उन्हें बुनियाद केन्द्र भेजने की सलाह देने की बात कही। इस तरह का प्रयास किये जाने से उनका मुफ्त में इलाज और जरूरत के अनुसार पावर का चश्मा मिल सके। फिर उन्होंने वहां के स्टाफ और अधिकारियों को भी इस तरह का सलाह देने की बात कही। वहीं बुनियाद केन्द्र के प्रबंधक कश्मिरी चौधरी ने और फीजियोथेरेपिस्ट ने बताया की एक सप्ताह के भीतर लगभग एक सौ लोगों का इलाज कर चश्मा का वितरण किया जा चुका है। जांच के बाद पावर वाले चश्मे को पटना से मंगाया जाता है, जो एक सप्ताह के भीतर चला आता है। मौके पर बुनियाद केन्द्र प्रबंधक कश्मिरी चौधरी, फीजियोथेरेपिस्ट डा. विकास कुमार, कुमारी ममता, ऑडियोलॉजिस्ट कार्तिक कुमार, मुन्ना राम सहित अन्य मौजूद रहे।






# डुमरांव पंचायत समिति बैठक में पेयजल व कृषि मुद्दों पर हंगामा, मरम्मत में लापरवाही पर जताई नाराजगी

- **नल-जल योजना, खराब चापाकल और खराब बीज वितरण पर जनप्रतिनिधियों ने उठाए सवाल, बीडीओ ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख अनूपा देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) संदीप कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान कुल 18 जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें विभिन्न पंचायतों के मुखिया और बीडीसी सदस्य शामिल थे। बैठक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई, लेकिन कई मुद्दों पर जनप्रतिनिधियों ने जोरदार तरीके से अपनी बातें रखीं।

बैठक में सबसे अधिक चर्चा पेयजल व्यवस्था को लेकर हुई। कई जनप्रतिनिधियों ने पीएचडी विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि नल-जल योजना के तहत खराब पड़ी पाइपलाइन और उपकरणों की समय पर मरम्मत नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी फोन तक नहीं उठाते, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में यदि पेयजल व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो स्थिति गंभीर हो सकती है।

वहीं नंदन पंचायत के मुखिया रामजी यादव ने कृषि विभाग पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों को वितरित किए गए गेहूं के बीज की गुणवत्ता बेहद खराब थी। उन्होंने बताया कि बीज बोने के बावजूद फसल उगी ही नहीं, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इस मुद्दे को पिछली बैठक में भी उठाया गया था, लेकिन अब तक न तो कोई जांच हुई और न ही कोई कार्रवाई।

इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में लंबे समय से खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत को लेकर भी जनप्रतिनिधियों ने आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि कई गांवों में चापाकल बंद पड़े हैं, जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

इन सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने संबंधित विभागों और कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि नल-जल योजना की मरम्मत, चापाकलों की स्थिति सुधारने तथा बीज वितरण मामले की जांच तत्काल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में इसके अलावा अन्य विकास योजनाओं के चयन और क्रियान्वयन पर भी चर्चा की गई।

## एक नजर

### पुलिस की सक्रियता से बड़ी शराब खेप नाकाम, 87 लीटर बरामद

**राजपुर।** थाना क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता से अवैध शराब तस्करी की एक बड़ी कोशिश नाकाम कर दी गई। ईसापुर-खीरी मुख्य मार्ग पर पलिया गांव के दक्षिण स्थित बधार में छिपाकर रखी गई 87 लीटर शराब को पुलिस ने बरामद किया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिससे तस्करों की योजना धरी रह गई। जानकारी के अनुसार, शराब तस्कर उत्तर प्रदेश से शराब की खेप लाकर उसे पेटियों में बंद कर बोरी में पैक कर पुआल के ढेर में छिपाकर रखे थे। आशंका जताई जा रही है कि तस्कर रात के अंधेरे में इसे कहीं खपाने की तैयारी में थे। इसी बीच पुलिस को इसकी भनक लग गई और मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया गया।

तलाशी के दौरान पुआल के ढेर से प्लास्टिक की बोरी में छिपाई गई शराब की पेटियां बरामद हुईं। जांच करने पर उसमें देसी ब्लू लाइम शराब पाई गई। पुलिस ने सभी शराब को जब्त कर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए थाने में सुरक्षित रख लिया है। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि क्षेत्र में शराब माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और सीमावर्ती इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### बिजली तारों के पास खड़ी फसलें बनीं खतरा, विभाग ने जारी की चेतावनी

**डुमरांव।** ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आगजनी की घटनाओं को देखते हुए बिजली विभाग ने किसानों के लिए सतर्कता एडवाइजरी जारी की है। नया भोजपुर प्रशाखा के कनीय विद्युत अभियंता जितेंद्र कुमार ने किसानों से विशेष अपील करते हुए कहा है कि वे हाई वोल्टेज बिजली तारों और ट्रांसफार्मरों के आसपास खड़ी फसलों की जल्द कटाई सुनिश्चित करें, ताकि संभावित हादसों से बचा जा सके।

उन्होंने बताया कि हाल के दिनों में जिले के विभिन्न हिस्सों में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में खेतों में खड़ी सूखी फसलें तेजी से आग पकड़ लेती हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बिजली विभाग की टीम सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर दुरुस्ती कार्य करती है, लेकिन कई बार खेतों में लंबी और सूखी फसलें होने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो जाता है। कनीय अभियंता ने यह भी बताया कि ग्रामीण इलाकों में अधिकतर खेत बिजली के खंभों और 11 हजार वोल्ट के तारों के आसपास होते हैं। तेज हवा, आंधी या तारों के ढीले होने की स्थिति में तार आपस में टकरा सकते हैं, जिससे स्पार्किंग होती है। यही चिंगारी सूखी फसलों में आग का कारण बनती है।

उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे कटाई के दौरान प्राथमिकता उन हिस्सों को दें, जो बिजली तारों या ट्रांसफार्मरों के बिल्कुल पास हैं। इससे जोखिम काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि खेतों के आसपास सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है, खासकर इस मौसम में जब फसलें पककर तैयार हैं।

बिजली विभाग ने ग्रामीणों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यदि कहीं तारों में ढीलापन, चिंगारी, धुआं या कोई तकनीकी गड़बड़ी दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत विभाग के स्थानीय कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर पर दें। समय पर दी गई सूचना से बड़ी दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और किसानों की मेहनत की फसल सुरक्षित रह सकती है।

**25 दिन (शहरी) और 45 दिन (ग्रामीण) बाद ही होगी नई बुकिंग, 64 हजार से अधिक शिकायतों में 543 का निपटारा**

# बक्सर में एलपीजी आपूर्ति पर सख्ती, कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई




**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु और पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला आपूर्ति पदाधिकारी राज कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में गैस वितरण की स्थिति, निरीक्षण अभियान और शिकायतों के निपटारे को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई।

जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनियों के अंतर्गत कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। 13 मार्च से 1 अप्रैल तक कुल 94,057 गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया गया है। वहीं, 1 अप्रैल तक एजेंसियों के पास 6,032 सिलेंडर का भंडार उपलब्ध है।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि जिले में प्रतिदिन औसतन 6,419 सिलेंडरों की मांग है, जबकि औसतन 5,808 सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में 25,846 रिफिल बुकिंग लंबित हैं, जिससे लगभग 4.4 दिन का बैकलॉग बना हुआ है।

गैस वितरण व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने नई बुकिंग के लिए समय-सीमा निर्धारित की है। शहरी क्षेत्रों में अंतिम डिलीवरी के 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही नया सिलेंडर बुक कराया जा सकेगा। इस व्यवस्था से अनावश्यक बुकिंग पर रोक लगेगी और जरूरतमंद उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सकेगी।

जिला प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लगातार भौतिक जांच कराई जा रही है। वरीय पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों की टीम कालाबाजारी और जमाखोरी पर नजर रख रही है।

इसी क्रम में 21 मार्च को बक्सर सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में दो रेस्टोरेंट पहवा रेस्टोरेंट और संगम फैमिली रेस्टोरेंट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। यहां से 24 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए, जिनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था।

इसके अलावा 31 मार्च और 1 अप्रैल को कुल 58 गैस एजेंसियों और अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

आम उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी शिकायत या सूचना के लिए उपभोक्ता दूरभाष संख्या 06183-223333 पर संपर्क कर सकते हैं।

1 अप्रैल 2026 तक नियंत्रण कक्ष में कुल 646 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 543 का त्वरित निपटारा कर दिया गया है, जबकि शेष मामलों पर कार्रवाई जारी है।

जिले में घरेलू एलपीजी कनेक्शनों की कुल संख्या 3,50,545 है। वहीं, व्यावसायिक गैस कनेक्शनों की संख्या बक्सर अनुमंडल में 1,273 और डुमरांव अनुमंडल में 960 है।

प्रशासन ने चेतावनी दी है कि एलपीजी, पेट्रोलियम पदार्थों या अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रामक या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया की लगातार निगरानी की जा रही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत तय अंतराल पर होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

# सरेंजा दंगल में दांव-पेंच का रोमांच, महिला पहलवानों ने भी बिखेरा अपना जलवा





- **चैत्र पूर्णिमा पर आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के नामी पहलवान शामिल, दिल्ली की पूनम ने शानदार जीत दर्ज कर जीता इनाम**

**केटी न्यूज/चौसा**

चैत्र पूर्णिमा सह महावीरी पूजा के अवसर पर प्रखंड के सरेंजा स्थित बजरंग मंदिर अखाड़े में गुरुवार को आयोजित विराट दंगल ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। हर वर्ष की तरह इस बार भी दंगल में दूर-दराज से आए नामी पहलवानों ने अपने दमदार दांव-पेंच का प्रदर्शन कर माहौल को जोशीला बना दिया। इस प्रतियोगिता में बिहार, दिल्ली, अयोध्या, वाराणसी, आजमगढ़, राजगीर, बलिया, गाजीपुर और मऊ समेत कई स्थानों के चर्चित पहलवानों ने भाग लिया। अखाड़े में एक से बढ़कर एक मुकाबले देखने को मिले। कई कुश्तियां इतनी कड़ी रहीं कि निर्णायक फैसला नहीं हो सका और मुकाबले बराबरी पर छूट गए। वहीं कुछ मुकाबलों में युवा पहलवानों ने अनुभवी खिलाड़ियों को चौंकाते हुए मिनटों में शिकस्त दे दी, जिससे दर्शक तालियों से गूंज उठे। इस बार दंगल का सबसे खास आकर्षण महिला कुश्ती रही, जिसने लोगों का खास ध्यान खींचा। महिला पहलवानों ने भी अपनी ताकत और तकनीक का शानदार प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि वे किसी से कम नहीं हैं। दिल्ली की पूनम ने आगरा की अंशु पहलवान के साथ हुए मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। इस मुकाबले के लिए पांच हजार रुपये का इनाम निर्धारित था, जिसे जीतकर पूनम ने दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके अलावा राजगीर, बक्सर और आसपास के क्षेत्रों से आई महिला पहलवानों ने भी अपने हुनर का दमदार प्रदर्शन किया। दर्शकों ने महिला मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया और उनका उत्साह बढ़ाया।

दंगल में निर्णायक की भूमिका देवराज सिंह यादव ने निभाई, जबकि उद्घोषक के रूप में नसीम पहलवान ने पूरे कार्यक्रम को रोचक बनाए रखा। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्य अशोक यादव, संजय यादव, राकेश कुमार, मुन्ना यादव, चुनमुन यादव और रामनिवास यादव सहित कई लोगों का सक्रिय योगदान रहा। पूरे दिन चले इस आयोजन में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पारंपरिक कुश्ती के इस आयोजन ने न केवल मनोरंजन किया, बल्कि ग्रामीण खेल संस्कृति को भी मजबूती देने का काम किया।

# ग्रामीण बेटियों की उड़ान : सिमरन कुमारी ने रचा इतिहास, सम्मान समारोह में उमड़ा गर्व

- **मैट्रिक में राज्य स्तर पर टॉप-10 में स्थान पाकर बढ़ाया मान, छात्राओं को मिला प्रेरणा का संदेश**



**केटी न्यूज/चौसा**

स्थानीय बालिका उच्च विद्यालय में गुरुवार को उस समय उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला, जब मैट्रिक परीक्षा में राज्य स्तर पर टॉप-10 में स्थान हासिल करने वाली छात्रा सिमरन कुमारी के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर सिमरन की उपलब्धि को सराहा और उसे सम्मानित किया।

समारोह के दौरान सिमरन कुमारी को विद्यालय परिवार एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा मोमेंटो और वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उसकी इस सफलता से न सिर्फ विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। सिमरन ने राज्य स्तर पर नौवां स्थान प्राप्त कर यह साबित किया है कि ग्रामीण परिवेश की बेटियां भी कठिन परिश्रम और संकल्प के बल पर बड़े लक्ष्य हासिल कर सकती हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक मिथिलेश कुमार ने की। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि सिमरन की सफलता यह दर्शाती है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर मेहनत से किसी भी मुकाम को पाया जा सकता है। उन्होंने अन्य छात्र-छात्राओं से भी सिमरन से प्रेरणा लेने और अपने लक्ष्य को निर्धारित कर उसी दिशा में लगातार प्रयास करने की अपील की।

पूर्व जिला परिषद सदस्य डॉ. मनोज यादव, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हृषिकेश कुमार सिंह और नगर अध्यक्ष किरण देवी ने भी सिमरन की उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक स्थिति बाधा नहीं बनती, बल्कि दृढ़ निश्चय और मेहनत ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

कार्यक्रम में अधिवक्ता रामलखन पाल सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अंत में सभी ने सिमरन कुमारी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे क्षेत्र की अन्य बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# डुमरांव अस्पताल में अव्यवस्था पर सख्त प्रहार लापरवाह स्वास्थ्यकर्मियों पर गिरेगी गाज

- **औचक निरीक्षण में खुली पोल—पुराना रोस्टर, ढीली उपस्थिति और सफाई पर फटकार, तुरंत सुधार के कड़े निर्देश**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर आखिरकार प्रशासन का डंडा चल गया है। अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सह जिला स्वास्थ्य समिति की नोडल पदाधिकारी कुमारी मनीषा ने गुरुवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था की हकीकत सामने ला दी। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां उजागर हुईं, जिस पर उन्होंने सख्त नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। सबसे बड़ी लापरवाही अस्पताल के रोस्टर को लेकर सामने आई। कई चिकित्सकों का दूसरे स्थानों पर तबादला हो चुका है, लेकिन अब तक ड्यूटी रोस्टर अपडेट नहीं किया गया। इस पर नोडल पदाधिकारी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए इसे गंभीर प्रशासनिक चूक बताया और तुरंत नया रोस्टर तैयार कर लागू करने का आदेश दिया। उन्होंने साफ कहा कि अब ह्लकागजी व्यवस्थाह्व नहीं, जमीनी सुधार दिखना चाहिए। निरीक्षण में बायोमैट्रिक उपस्थिति और ड्यूटी के प्रति भी लापरवाही सामने आई। कई



स्वास्थ्यकर्मी समय से अनुपस्थित पाए गए। इस पर कुमारी मनीषा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अब समय पर उपस्थिति और जिम्मेदारी से ड्यूटी निभाना अनिवार्य होगा। नियमों की अनदेखी करने वालों पर विभागीय कार्रवाई तय मानी जाए।

अस्पताल परिसर की साफ-सफाई भी जांच के घेरे में रही। जगह-जगह गंदगी और अव्यवस्था को लेकर उन्होंने नाराजगी जताई और साफ निर्देश दिया कि अस्पताल में स्वच्छता से कोई समझौता नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मरीजों के लिए साफ वातावरण बुनियादी जरूरत है, और इसमें लापरवाही अस्वीकार्य है।

अस्पताल की प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. प्रेमा कुमारी को भी उन्होंने व्यवस्था दुरुस्त करने की जिम्मेदारी सौंपी। निर्देश दिया गया कि अस्पताल की विधि-व्यवस्था हर हाल में सुचारू रहनी चाहिए और किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

नोडल पदाधिकारी ने यह भी साफ कर दिया कि यह सिर्फ एक निरीक्षण नहीं, बल्कि निरंतर निगरानी की शुरूआत है। उन्होंने कहा कि आगे भी अचानक निरीक्षण किए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी व्यवस्था की समीक्षा होगी।

कुमारी मनीषा ने दो टूक कहा कि सरकारी संस्थानों में पारदर्शिता और अनुशासन सर्वोपरि है। स्वास्थ्यकर्मियों को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी, ताकि आम जनता को बेहतर और समयबद्ध इलाज मिल सके।

निरीक्षण के बाद अस्पताल प्रशासन को तुरंत सुधार लागू करने का आदेश दिया गया है। अब देखना यह है कि कड़े निर्देशों के बाद डुमरांव अस्पताल की तस्वीर कितनी बदलती है।

### विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर जागरूकता और सहयोग बढ़ाने की अपील

**चक्की।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर पीडब्ल्यूडी संघ, बिहार के राज्य मीडिया प्रभारी लालू तुरहा ने लोगों से ऑटिज्म के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इससे प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों को सम्मानजनक जीवन और उचित सहयोग मिलना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने बताया कि ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार एक तंत्रिका-विकास संबंधी स्थिति है, जो बच्चों के मस्तिष्क के विकास को प्रभावित करती है। इसके कारण बच्चों की बोलने, समझने, सामाजिक व्यवहार और सीखने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इसके लक्षण सामान्यतः डेढ़ वर्ष से तीन वर्ष की उम्र के बीच दिखाई देने लगते हैं। जैसे नाम पुकारने पर प्रतिक्रिया न देना, आंखों से संपर्क न बनाना, बोलने में देरी या शब्दों को दोहराना और अकेले रहना पसंद करना। ऑटिज्म के संभावित कारणों में आनुवंशिक कारक, गर्भावस्था के दौरान पोषण की कमी, समय से पहले जन्म, पर्यावरणीय प्रभाव तथा मस्तिष्क के विकास में असामान्यता शामिल हैं। यह एक बहु-कारक स्थिति है। उन्होंने रोकथाम और प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि गर्भावस्था में उचित देखभाल, बच्चों के विकास की नियमित निगरानी, प्रारंभिक पहचान, वाणी एवं व्यवहार चिकित्सा तथा परिवार और समाज का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही छोटे बच्चों को मोबाइल, टैबलेट, टीवी और वीडियो गेम जैसे उपकरणों से दूर रखने या सीमित उपयोग की सलाह दी गई। लालू तुरहा ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि जागरूकता अभियान को पंचायत स्तर तक पहुंचाया जाए तथा प्रत्येक प्रखंड में जांच और परामर्श केंद्र स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा, ह्लऑटिज्म कोई कमजोरी नहीं, बल्कि अलग तरह की क्षमता है।

# बीएड परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षा नियंत्रक अनवर इमाम ने केंद्रों का किया निरीक्षण

## संघन जांच के बाद परीक्षार्थियों को केन्द्र में प्रवेश की मिली अनुमति



**केटी न्यूज/आरा**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आर में बीएड सत्र 2025-27 प्रथम वर्ष की परीक्षा दूसरे दिन गुरुवार को भी शांतिपूर्ण संपन्न हुई। यह परीक्षा 7 अप्रैल तक संचालित होगी। निर्धारित परीक्षा केंद्र पर दूसरे दिन भी परीक्षा एक पाली में आयोजित की गई। जबकि अन्य दिनों की परीक्षा दो पालियों में होगी। जो 7 अप्रैल को परीक्षा एक पाली में होगी। संचालित परीक्षा को लेकर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक प्रो.अनवर इमाम ने केन्द्रों का औचक निरीक्षण को पहुंच गहन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी। परीक्षा के तहत एसबी कॉलेज में प्राचार्या प्रो.मीना कुमारी ने भी परीक्षा हॉल का निरीक्षण किया। मालूम हो कि विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए चारों जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इसके अलावा, सुरक्षा के मद्देनजर सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात सहित प्रत्येक केंद्र पर एक ऑब्जर्वर भी प्रतिनियुक्त है। जो परीक्षा की सही तरीके से संचालन की निगरानी कर रहे हैं। छात्रों के लिए परीक्षा केंद्रों पर सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी की है। मालूम हो कि आरा में एसबी कॉलेज, महाराजा कॉलेज और एमएम महिला कॉलेज केंद्र है। जबकि बक्सर,रोहतास और कैमूर में भी केंद्र बनाया गया है। बता दें कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में रेगुलर कोर्स के साथ-साथ वोकेशनल कोर्स का सत्र भी नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक सत्र को समय पर पूरा करना है, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए समयबद्ध तरीके से परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। जबकि पिछले दिनों परीक्षा कैलेंडर भी जारी किया गया था।

# छपरा जनसंवाद में भड़के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा! गलत जमाबंदी और अवैध कब्जे पर दिए सख्त आदेश, कहा - सीधे एफआईआर करें



## छपरा में विजय सिन्हा का भूमि सुधार जन कल्याण संवाद कार्यक्रम, डिप्टी सीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

छपरा के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के नेतृत्व में भूमि सुधार जन कल्याण संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर की, जिसके बाद उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भूमि सुधार से जुड़े मुद्दों पर सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत है और भूमि संबंधी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। संवाद कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**एजेंसी। पटना**

बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एक बार फिर भूमि सुधार विभाग की ओर से जन संवाद कार्यक्रम के तहत जनता की समस्याएं सुनते नजर आए। यह कार्यक्रम आज छपरा में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतों और समस्याओं को लेकर पहुंचे। जन संवाद के दौरान कई लोगों ने जमीन से जुड़े मामलों में हो रही अनियमितताओं और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर अपनी बात रखी। इसी क्रम में एक फरियादी ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के समक्ष गंभीर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग 5 वर्षों से वह एक गलत जमाबंदी के कारण लगातार परेशान हैं। फरियादी के अनुसार उनके पैतृक जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है और उस पर पक्का मकान तक का निर्माण कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले की शिकायत उन्होंने संबंधित अंचल कार्यालय और एडीपीओ कार्यालय में भी की थी, लेकिन अब तक किसी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। फरियादी ने यह भी कहा कि उन्होंने अंचलाधिकारी से लेकर जिले के सभी संबंधित अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाई, लेकिन हर जगह से केवल आश्वासन ही मिला और न्याय नहीं मिल सका। लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने से वह और उनका परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने मौके पर ही मौजूद अंचलाधिकारी से जवाब तलब किया। उन्होंने पूछा कि आखिर किस आधार पर इस प्रकार की गलत जमाबंदी दर्ज की गई और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी कौन हैं। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस मामले से जुड़े सभी दस्तावेजों की गहन जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि गलती किस स्तर पर हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी पदाधिकारी की लापरवाही या गलत निर्णय के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी तय की जाएगी। विजय कुमार सिन्हा ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और वास्तविक भूमि स्वामी के पक्ष में ही उचित निर्णय लिया जाए। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जांच में यह पाया जाता है कि किसी व्यक्ति ने अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर मकान का निर्माण किया है, तो उसके खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद जैसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जन संवाद कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री के इस रुख के बाद मौके पर मौजूद लोगों में उम्मीद जगी कि लंबे समय से लंबित भूमि विवादों का समाधान अब तेजी से हो सकता है। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश दिया गया कि जनता की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। इस पूरे मामले ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जमीन से जुड़े विवादों में निचले स्तर पर प्रशासनिक कार्यप्रणाली कितनी प्रभावी है और आम लोगों को न्याय पाने के लिए वर्षों तक संघर्ष क्यों करना पड़ता है।

# आयकर विभाग के छापेमारी की डर से दुकानदार दुकानें बंद कर हुए फरार



**केटी न्यूज/रोहतास**

कच्छवाँ बाजार में लगातार तीसरे दिन भी कारोबार पूरी तरह ठप रहा। किसी आधिकारिक बंद की घोषणा नहीं होने के बावजूद राज्य कर विभाग की संभावित छापेमारी की खबर से व्यापारी दहशत में हैं। यही वजह रही कि गुरुवार को भी अधिकांश दुकानों के शटर नहीं खुले और पूरे बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। सुबह जैसे ही विभागीय टीम के आने की चर्चा सुनते ही मुख्य बाजार में किराना, कपड़ा, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और मिठाई दुकानों के शटर गिरने लगे। हालात ऐसे हो गए कि बाजार में ग्राहकों की आवाजाही लगभग खत्म हो गई और दूर-दराज से खरीदारी करने आए लोग निराश होकर लौट गए। स्थिति यह रही कि जरूरी दवाओं के लिए भी लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ा। बाजार के चौक-चौराहों पर दिनभर व्यापारी आपस में संभावित कार्रवाई को लेकर चर्चा करते नजर आए। छोटे दुकानदारों ने भी किसी तरह का जोखिम लेने से बचते हुए अपनी दुकानें बंद रखना ही उचित समझा। कच्छवाँ बाजार जो रोहतास का प्रमुख व्यापारिक केंद्र माना जाता है। वहां रोजाना लाखों रुपये का कारोबार होता है। इस अघोषित बंदी से न केवल व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है,बल्कि सरकारी राजस्व पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि विभागीय सर्वे और जांच के नाम पर कागजी प्रक्रिया इतनी जटिल होती है कि छोटे दुकानदारों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी डर के कारण वे दुकानें खोलने से बच रहे हैं।

# खतरनाक ब्रेकर बना काल : बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम



**केटी न्यूज/चौगाई**

मुरार थाना क्षेत्र के अहरा डेरा के समीप बना एक खतरनाक ब्रेकर एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। तेज रफ्तार और असंतुलन के कारण हुई इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना में केड़ी डेरा निवासी सचिन कुमार उर्फ मुलायम यादव की मौत हो गई, जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। मिली जानकारी के अनुसार सचिन कुमार अपनी बाइक से किसी काम से जा रहा था। इसी दौरान अहरा डेरा के पास सड़क पर बने ऊंचे और असुरक्षित ब्रेकर को पार करते समय उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ते ही बाइक सीधे सड़क किनारे स्थित एक मकान की दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक को सिर में गंभीर चोट लगी और मौके पर ही काफी खून बहने लगा। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सचिन कुमार मुरार थाना में कार्यरत चौकीदार खेलावन यादव का पोता था। वह तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। उसके पिता जगनारायण सिंह वर्तमान में परिवार के भरण-पोषण के लिए विदेश में कार्यरत हैं। बेटे की असामयिक मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मां प्रभावती देवी का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव के लोग भी इस घटना से स्तब्ध हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त स्थान पर बना ब्रेकर काफी खतरनाक है और पहले भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने मांग की है कि इस ब्रेकर को मानक के अनुरूप बनाया जाए या हटाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। थानाध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, हालांकि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन नहीं दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## एक नजर

### शादी की कार्ड बांटने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत,परिवार में मचा कोहराम

**सासाराम।** शिवसागर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र स्थित मेयूरा गांव निवासी 22 वर्षीय हिमांशु कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हिमांशु की शादी महज 10 दिन बाद होने वाली थी। वह खुशी-खुशी शादी का निमंत्रण कार्ड बांटने निकला था, लेकिन रास्ते में अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद जिस घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, वहां अचानक मातम छा गया। हिमांशु अपने परिवार का इकलौता बेटा था और पिता के निधन के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उसी पर थी। वह चार बहनों का एकमात्र भाई भी था। पुलिस के अनुसार यह हादसा शिवसागर थाना से करीब एक किलोमीटर दूर एचपी पेट्रोल पंप के समीप का बताया गया। दूसरी तरफ पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। साथ ही घटना से जुड़े मामलें के पुलिस ने अज्ञात वाहन और चालक के गिरफ्तारी के लिए तलाश में जुटी है।

### भोजपुर डीएम ने सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**आरा।** जिला पदाधिकारी,भोजपुर तनय सुल्तानिया ने असनी-बामपाली सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि रैयतों को लंबित मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया को तेज करने हेतु विशेष कैंप आयोजित कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, अंचल अधिकारी को अतिक्रमण हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर,जिला भू अर्जन पदाधिकारी,विशेष कार्य पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अभियंता उपस्थित थे।

### गैस सिलेंडर समस्या को लेकर कांग्रेस ने पीएम का किया पुतला दहन

**कोचस।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर देश में बढ़ते महंगाई एलपीजी गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम व भारी किल्लत के खिलाफ कांग्रेस कार्यकताओं ने यहां गुरुवार को चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पुतला दहन कर प्रदर्शन की। पुतला दहन में दर्जनों के संख्या में शामिल कार्यकताओं ने कहा कि देश में गैस की किल्लत व बेतहाशा बढ़ती महंगाई के आग में देश को भाजपा नीत सरकार झोंक रही है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि एक तरफ सरकार से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक कहते हैं कि देश में गैस व तेल की कोई कमी नहीं है। लेकिन दुसरी तरफ नागरिकों को भारी लाईनों में लगने के बावजूद भी तेल, गैस नहीं मिल रहा है। सरकार केवल नागरिकों के भावनाओं से खिलवाड़ करने की कार्य कर रही है। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र प्रभाकर व वरिष्ठ कांग्रेसी रवींद्र पाठक ने की। मौके पर डॉ विजय प्रकाश,ललन चौबे, अरविंद यादव, नारद मुनि राम, बबन राम ,विजय मिश्र, रामाशीष राम,नथुनी राम मुरारी ठाकुर, रजनीकांत, गुरूदयाल, उमाशंकर, ह्दया नंद सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### हनुमान जयंती पर शोभायात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**रजौली।** रामभक्त हनुमान जयंती के अवसर पर रजौली थाना क्षेत्र के अमावा गांव में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में गांव के दर्जनों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला।शोभायात्रा की शुरूआत अमावा स्थित बजरंगबली मंदिर से की गई। वहां पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोष के साथ शोभायात्रा को आगे बढ़ाया। शोभायात्रा बजरंगबली मंदिर से निकलकर अमावा संगत, हाई स्कूल रोड होते हुए बैंक टोला, राधेलाल टोला, पूरवारी बजरंगबली मंदिर और देवी स्थान तक पहुंची। इसके बाद पुनः संगत परिसर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन किया गया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा इलाका भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया। जगह-जगह ग्रामीणों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। मौके पर श्रद्धालुओं को जल व प्रसाद वितरण किया। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और भाईचारे की कामना की। शोभायात्रा में युवाओं,महिलाओं और बुजुर्गों की भी अच्छी भागीदारी रही। जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया। कार्यक्रम का आयोजन समस्त अमावा ग्रामवासियों के सौजन्य से किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि हर वर्ष हनुमान जयंती के अवसर पर इस तरह की शोभायात्रा निकाली जाती है,जिससे गांव में धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित होता है।

### 6 अप्रैल से सरकारी विद्यालयों का होगा प्रात: कालीन संचालन

**पीरो।** बढते तापमान व गर्मी को देखते हुए 6 अप्रैल से सरकारी विद्यालयों का संचालन प्रातःकालीन होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा आदेश के अनुसार विद्यालय सुबह 6:30 बजे खुलेंगे। 6:30 बजे से 7 बजे तक चेतना सत्र आयोजित होगा। पहली घंटी 7 से 7:40 बजे तक होगी। दूसरी घंटी 7:40 से 8:20 व तीसरी घंटी 8:20 से 9 बजे तक चलेगी। 9 बजे मध्यांतर होगा। इस दौरान प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को मध्याह्न भोजन परोसा जाएगा। पुनः 10 बजे से 12:20 बजे तक कक्षाएं संचालित होगी। बच्चों की छुट्टी 12:20 बजे हो जाएगी जबकि प्रधानाध्यापक सतर से शिक्षकों द्वारा पढाए गए विषयों की समीक्षा व अगले दिन के लिए कार्य योजना बनाने के बाद शिक्षक 12:30 बजे स्कूल छोड़ेंगे।

# 5 अप्रैल से बदलेगा मौसम : तेज आंधी-बारिश की चेतावनी, तब तक 40°C के पार जाएगा पारा!



**एजेंसी। पटना**

बिहार में अप्रैल की शुरूआत के साथ ही मौसम का मिजाज बदलता हुआ नजर आ रहा है। राज्य के कई हिस्सों में इन दिनों धूप और बादलों के बीच लुका-छुपी का खेल जारी है, जिससे लोगों को कभी तेज गर्मी तो कभी हल्की राहत महसूस हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, पूर्वी बिहार के ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है, जिसका असर पूरे राज्य के मौसम पर पड़ रहा है। यही वजह है कि आसमान में लगातार बादलों की आवाजाही बनी हुई है, लेकिन फिलहाल बारिश की संभावना बेहद कम है। राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया है, जबकि कुछ स्थानों पर यह 40 डिग्री के करीब पहुंचने लगा है। वातावरण में नमी की मात्रा बढ़ने से उमस का असर भी लोगों को परेशान कर रहा है। हल्की हवाएं जरूर चल रही हैं, जिससे गर्मी का असर थोड़ा संतुलित हो रहा है, लेकिन दिन के समय तेज धूप लोगों की मुश्किलें बढ़ा रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दो-तीन दिनों तक यही स्थिति बनी रहेगी। यानी बादल और धूप का सिलसिला जारी रहेगा, लेकिन तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होती जाएगी। अनुमान है कि 4 अप्रैल तक पारा करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक और बढ़ सकता है, जिससे गर्मी और अधिक तीखी हो जाएगी। हालांकि, मौसम में बड़ा बदलाव 5 अप्रैल के बाद देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि इस दिन से राज्य में एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। इसके तहत तेज आंधी, गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है। यह बदलाव लोगों को गर्मी से राहत दे सकता है, लेकिन आंधी और बिजली गिरने जैसी घटनाओं से सतर्क रहने की भी जरूरत होगी। विशेष रूप से किसानों के लिए यह मौसम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि किसान मौसम के इस बदलते रुख को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यों की योजना बनाएं। फसल की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं और तेज आंधी या बारिश की संभावना को देखते हुए पहले से तैयारी रखें। कुल मिलाकर, बिहार में फिलहाल गर्मी और उमस का असर बढ़ता जा रहा है, लेकिन 5 अप्रैल के बाद मौसम में संभावित बदलाव से राहत मिलने की उम्मीद है। ऐसे में लोगों को आने वाले दिनों में सावधानी बरतने और मौसम विभाग के अपडेट पर नजर बनाए रखने की सलाह दी गई है।

# रामनवमी पर्व के सक्रिय समाजसेवी सदस्यों को रोहतास जिलाधिकारी ने किया सम्मानित




**एजेंसी। रोहतास**

समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय शांति समिति की डी-ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने की। जिसमें पुलिस व प्रशासन के कई वरीय अधिकारी शामिल हुए। बैठक में हाल ही में संपन्न रामनवमी शोभायात्रा के शांतिपूर्ण आयोजन पर संतोष व्यक्त किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आपसी भाईचारा, प्रशासनिक मुस्तैदी और आम लोगों के सहयोग से पर्व पूरी तरह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जो जिले के लिए गर्व की बात है।

इस दौरान शांति समिति,नगर पूजा समिति और अन्य सामाजिक संगठनों के सक्रिय सदस्यों को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों में समाज और प्रशासन का समन्वय ही शांति और व्यवस्था की कुंजी है। बैठक के अंत में डीएम ने भविष्य में भी इसी तरह आपसी सहयोग और सतर्कता बनाए रखने की अपील की,ताकि जिले में शांति और सौहार्द का माहौल कायम रहे।

# बिहार पुलिस को मिलेगा राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड, वीरता और उत्कृष्ट सेवा का सर्वोच्च गौरव




**एजेंसी। पटना**

बिहार पुलिस को राष्ट्रपति पुलिस कलर अवॉर्ड से सम्मानित करने की मंजूरी मिली है। यह देश का सर्वोच्च पुलिस सम्मान है, जो वीरता, अनुशासन और उत्कृष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। बिहार पुलिस ने अपनी वीरता और प्रोफेशनल पुलिसिंग से पूरे देश में एक नई पहचान बनाई है। इसी के चलते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार पुलिस को भारत के राष्ट्रपति के पुलिस कलर पुरस्कार से सम्मानित करने की मंजूरी दे दी है। इस प्रतिष्ठित सम्मान को निशान भी कहा जाता है और यह किसी भी पुलिस बल को दिया जाने वाला देश का सर्वोच्च सम्मान है। यह पुरस्कार पुलिस या अर्धसैनिक बलों की असाधारण सेवा, वीरता और लंबे समय तक उत्कृष्ट प्रदर्शन की मान्यता में दिया जाता है। इसे राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री या केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा प्रदान किया जाता है। खास बात यह है कि यह सम्मान किसी भी पुलिस बल को केवल एक बार ही दिया जाता है। इसे प्राप्त करने वाले जवान अपनी वर्दी की बाईं आस्तीन पर विशेष प्रतीक चिन्ह धारण करते हैं। उइससे पहले जनवरी 2026 में सिक्किम पुलिस को भी यह सम्मान मिल चुका है। इस पुरस्कार के लिए किसी भी पुलिस बल को कम से कम 25 वर्षों की उत्कृष्ट और समर्पित सेवा देनी होती है। बिहार पुलिस के एडीजी मुख्यालय सुनील कुमार ने इसे पूरे बल के लिए गर्व का क्षण बताया और कहा कि यह कर्तव्य, अनुशासन और साहस के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वहीं, जदयू एमएलसी और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी बिहार पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कार्यक्षमता और दक्षता को केंद्र सरकार ने भी सराहा है। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार पुलिस बेहतर काम कर रही है और महिलाओं की भागीदारी के मामले में देश में अग्रणी है।

## एक नजर

### बिहार में निगरानी का बड़ा एक्शन: 1.70 लाख घूस लेते पेशकार को दबोचा, आयुक्त कार्यालय में छापेमारी से हड़कंप

**मुंगेर।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी का एक्शन लगातार जारी है। ताजा मामला मुंगेर से सामने आया है, जहां निगरानी विभाग की टीम ने आयुक्त कार्यालय में छापेमारी कर एक पेशकार को 1.70 लाख रुपए रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। दरअसल, भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई में निगरानी विभाग को बड़ी सफलता मिली है। मुंगेर में प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में छापेमारी कर पेशकार मुकेश कुमार को 1 लाख 70 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी एक कोर्ट केस में काम कराने के एवज में रिश्वत मांग रहा था। शिकायत मिलने के बाद निगरानी टीम ने जाल बिछाया और पैसे लेते ही उसे दबोच लिया। इस कार्रवाई के बाद आयुक्त कार्यालय में हड़कंप मच गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। मुंगेर में निगरानी विभाग की यह पहली ट्रैप कार्रवाई बताई जा रही है।

### बिहार में भीषण सड़क हादसा: बाप-बेटा समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत, दो बाइक की हुई सीधी भिड़ंत

**बेतिया।** बेतिया के सिकटा थाना क्षेत्र में गुरुवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान नेयाज मियां (30 वर्ष), उनके पिता फैयाज मियां (55 वर्ष), निवासी बाढ़ कमरिया वार्ड नंबर 9, थाना कंगली तथा तीसरे व्यक्ति की पहचान अरमान मियां के रूप में हुई है। नेयाज मियां काठमांडू में इंजन मिस्त्री का काम करते थे। परिजनों के अनुसार, नेयाज मियां अपने पिता फैयाज मियां के साथ गुरुवार सुबह करीब 11 बजे बाइक से सिकटा गए थे, जहां उन्हें अपने बैंक खाते में पैसे की जांच करनी थी। काम पूरा कर दोनों दोपहर करीब 3 बजे घर लौट रहे थे। इसी दौरान सिकटा थाना क्षेत्र के अट्ठाइसलखा पुल के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नेयाज मियां, फैयाज मियां और अरमान मियां की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में चौथे व्यक्ति कमरूल होदा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जीएमसीएच में उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है।

### छपरा में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 7 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

**छपरा।** गर्मी का मौसम आते ही बिहार में अगलगी की घटनाएं बढ़ने लगी है। बेगूसराय में शॉर्ट सर्किट से 30 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। इस घटना से किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। अगलगी की एक के बाद एक घटनाएं अब सामने आने लगी है। अब छपरा के तरैया प्रखंड के गवन्द्री गांव में भी हाई टेंशन तार में शॉर्ट सर्किट की वजह से गेहूं की फसलों में भीषण आग लग गई। जिससे किसानों की मेहनत से तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गया। बताया जाता है कि खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के हाई टेंशन तार में अचानक चिंगारी निकली, जो सूखी फसल पर गिरते ही आग तेजी से फैल गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब 7 एकड़ में लगी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया।

# विजय कुमार सिन्हा का बड़ा ऐलान : कहा -अगले चरण में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होगा खत्म



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को छपरा में आयोजित भूमि सुधार जनसंवाद कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनीं। इस दौरान कई फरियादियों ने जमीन से जुड़े गंभीर मामलों को उनके समक्ष रखा, जिसमें सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा और फर्जी जमाबंदी के मामले प्रमुख रहे।कार्यक्रम के दौरान एक फरियादी ने उपमुख्यमंत्री के सामने शिकायत रखी कि उनके क्षेत्र में सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पहले ही विभाग और प्रशासन को आवेदन देकर सूचित किया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने सरकारी जमीन की फर्जी जमाबंदी करवा ली है और उस पर व्यावसायिक गतिविधियां भी चला रहे हैं। इस पर उपस्थित प्रशासनिक अधिकारियों ने फरियादी से जानकारी ली और पूछा कि क्या उन्होंने इस मामले में आवश्यक आवेदन और दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी की है। फरियादी ने जवाब दिया कि उन्होंने सभी आवश्यक आवेदन पहले ही संबंधित कार्यालय में भेज दिए हैं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि यदि आवेदन पहले से प्राप्त है तो मामले की तुरंत जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि सरकारी भूमि से जुड़े सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जा रहा है। इसके बाद उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य में सभी सरकारी भूमि को चिन्हित करना और उस पर हुए अवैध कब्जों को हटाना है। उन्होंने कहा कि भूमि सुधार विभाग अब पहले चरण में रिकॉर्ड सुधार और शिकायतों के निस्तारण पर काम कर रहा है, जबकि दूसरे चरण में व्यापक स्तर पर सरकारी जमीन की पहचान की जाएगी। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार ऐसे सभी मामलों को गंभीरता से ले रही है, जहां फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा किया गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ह्लपहले चरण में हम लोग शिकायतों और रिकॉर्ड सुधार की प्रक्रिया में उलझे हुए थे, लेकिन अब दूसरे चरण में हम सीधे जमीन की पहचान कर अवैध कब्जों को हटाने का काम करेंगे।ह्व उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी जिलों में सरकारी जमीन का सर्वे तेज किया जाए और अवैध कब्जाधारियों की सूची तैयार की जाए। डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि जो लोग सरकारी जमीन की रक्षा के लिए आगे आ रहे हैं और सजग नागरिक की भूमिका निभा रहे हैं, उन्हें सरकार सम्मानित भी करेगी। साथ ही ऐसे जागरूक नागरिकों की एक अलग सूची तैयार करने की बात भी कही गई है ताकि भविष्य में उनके सहयोग से भूमि सुधार प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान कई अन्य फरियादियों ने भी जमीन से जुड़े मामलों की शिकायतें रखीं, जिन्हें अधिकारियों ने दर्ज किया और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कुल मिलाकर छपरा का यह जनसंवाद कार्यक्रम भूमि सुधार और सरकारी जमीन से जुड़े मामलों को लेकर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।सरकार का दावा है कि आने वाले समय में राज्य में भूमि विवादों में कमी आएगी और सरकारी जमीन पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को पूरी तरह समाप्त करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई : घूस लेते पकड़े गए रकसदरे आलम सेवा से बर्खास्त



**एजेंसी। पटना**

मुजफ्फरपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उक्र्र ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए सब-इंस्पेक्टर सदरे आलम को सेवा से बर्खास्त कर दिया। यह कार्रवाई 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत की गई। बिहार पुलिस में भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति को दोहराते हुए तिरहुत क्षेत्र (मुजफ्फरपुर) के पुलिस उप-महानिरीक्षक (उक्र्र्) चंदन कुशवाहा ने एक बड़ी दंडात्मक कार्रवाई की है। कर्तव्य में लापरवाही और अनैतिक आचरण के दोषी पाए गए पुलिस अवर निरीक्षक (रक) सदरे आलम को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया।यह मामला साल 2021 का है, जब सदरे आलम मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाने में तैनात थे। अहियापुर थाना क्षेत्र के सिपाहीपुर की निवासी और शिकायतकर्ता तबस्सुम आरा ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पटना में भ्रष्टाचार की शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपों के सत्यापन के बाद, 30 सितंबर 2021 को निगरानी विभाग की टीम ने एक विशेष छापेमारी (ट्रैप) की। इस कार्रवाई के दौरान, सब-इंस्पेक्टर सदरे आलम को अहियापुर थाने के सामने स्थित एक चाय की दुकान से 11,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। इस संबंध में निगरानी थाना कांड संख्या-04/21 दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी के बाद सदरे आलम के विरुद्ध विभागीय जांच (संचालन संख्या-117/21) शुरू की गई थी। इस जांच की जिम्मेदारी मुजफ्फरपुर के पुलिस उपाध्यक्ष (पूर्वी) को सौंपी गई थी। विभागीय जांच के संचालन पदाधिकारी श्री शहरयार अख्तर (अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी, मुजफ्फरपुर) ने अपनी रिपोर्ट में सदरे आलम पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को पूरी तरह सही और प्रमाणित पाया। डीआईजी कार्यालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि पुलिस विभाग एक अनुशासित संगठन है। भ्रष्टाचार में लिप्त पुलिसकर्मियों का विभाग में बने रहना न केवल आम जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाता है, बल्कि संगठन के अन्य कर्मियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जांच प्राधिकारी के मंतव्य और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रस्ढ), मुजफ्फरपुर की अनुशंसा से सहमत होते हुए, डीआईजी चंदन कुशवाहा ने सदरे आलम को दिनांक 02.04.2026 से सेवा से विमुक्त (ऊ्र२री) करने का आदेश जारी किया है। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और यह संदेश साफ है कि भ्रष्टाचार करने

# पूर्णिमा का स्नान बना मातम : बिहार में गंगा स्नान के दौरान डूबने से एक महिला की मौत

**एजेंसी। पटना**

बिहार के नवगछिया से एक बेहद दर्दनाक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां आस्था का पर्व अचानक मातम में बदल गया। गंगा स्नान के दौरान तीन लोग डूब गए, जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक किशोर और एक युवक अब भी लापता हैं। इस हादसे के बाद पूरे घाट पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यह हादसा परबत्ता थाना क्षेत्र के महादेवपुर घाट पर हुआ, जहां पूर्णिमा के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचे थे। सुबह का समय था और हर कोई आस्था में डूबा हुआ था, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह दिन कुछ परिवारों के लिए जिंदगी भर का दर्द बन जाएगा। सबसे पहले मधेपुरा की रहने वाली नूतन देवी स्नान के दौरान अचानक गहरे पानी में चली गईं। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। घंटों की मशक्कत के बाद दोपहर करीब 12 बजे उनका शव पानी से बाहर निकाला गया। इस दौरान घाट पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। इस दर्दनाक घटना के कुछ ही घंटों बाद शाम के समय एक और बड़ा हादसा हो गया। सहरसा के 16 वर्षीय प्रतीक राज और अररिया के 30 वर्षीय ललन मंडल भी गंगा में स्नान के दौरान डूब गए। बताया जा रहा है कि प्रतीक अपने परिवार के साथ गंगा स्नान के लिए आया था। परिवार के बाकी सदस्य स्नान कर बाहर आ गए थे, लेकिन वह अपने चालक ललन मंडल के साथ दोबारा पानी में चला गया। इसी दौरान दोनों गहरे पानी में फंस गए और देखते ही देखते लापता हो गए घटना के बाद स्थानीय लोगों ने काफी देर तक दोनों को खोजने की कोशिश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। प्रशासन ने भागलपुर से एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। टीम ने देर रात तक गंगा में सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिल सका। अधिकारियों का कहना है कि गुरुवार सुबह फिर से खोज अभियान चलाया जाएगा। इस हादसे के बाद प्रतीक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बेटे के लापता होने की खबर सुनकर परिजनों की हालत बिगड़ गई। साथ आई महिलाओं में से कुछ बेहोश हो गईं, जिन्हें तुरंत डॉक्टर के पास ले जाया गया।

# पटना जंक्शन का बदलेगा स्वरूप, 6 हजार वाहनों की स्मार्ट पार्किंग की होगी व्यवस्था




**एजेंसी। पटना**

पटना जंक्शन को अमृत भारत योजना के तहत आधुनिक स्वरूप देने के लिए सकुर्लेटिंग एरिया के पुनर्विकास का मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। इस योजना के तहत करीब 1.70 लाख वर्गफीट में एक विशाल और अत्याधुनिक परिसर विकसित किया जाएगा। इस मेगा प्रोजेक्ट का सबसे बड़ा आकर्षण दूध मार्केट से लेकर जीपीओ गोलंबर तक बनने वाली आधुनिक पार्किंग होगी, जहां एक साथ 6000 गाड़ियां खड़ी की जा सकेंगी। नई व्यवस्था के लागू होने के बाद पटना जंक्शन पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे के प्लान के अनुसार, अब जंक्शन पर प्रवेश के दो रास्ते होंगे–एक मौजूदा मार्ग महावीर मंदिर की ओर से और दूसरा जीपीओ गोलंबर की ओर से सीधे स्टेशन परिसर में खुलेगा। इससे पूर्व और पश्चिम दिशा से आने वाले यात्रियों को लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। ट्रैफिक का दबाव बंटने से महावीर मंदिर के सामने की सड़क पर भी भीड़ कम होगी और लंबे समय तक लगने वाले जाम से स्थायी निजात मिलने की उम्मीद है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लागू करने के लिए रेलवे बोर्ड ने शुरूआती कदम भी उठा लिए हैं। स्टेशन परिसर में मौजूद पावर हाउस और संचार कार्यालय को करबिगहिया की ओर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए 20 करोड़ रुपये के फंड को मंजूरी मिल चुकी है। दानापुर रेलमंडल के सीनियर डीसीएम अभिनव सिद्धार्थ के अनुसार, पावर हाउस शिफ्टिंग का टेंडर जल्द जारी किया जाएगा। इसके बाद लगभग 1.30 लाख वर्गफीट अतिरिक्त जमीन पार्किंग विस्तार के लिए उपलब्ध हो जाएगी, जिसका प्रस्ताव मई में रेलवे बोर्ड को भेजा जाएगा। रेलवे इस पार्किंग व्यवस्था को पूरी तरह डिजिटल और स्मार्ट बनाने की तैयारी में है। नई प्रणाली के तहत यात्री मोबाइल ऐप या वेबसाइट के जरिए पहले से ही पार्किंग स्लॉट बुक कर सकेंगे। साथ ही डिजिटल पेमेंट, फास्टैग और दफ कोड के माध्यम से भुगतान की सुविधा मिलेगी, जिससे नकद लेनदेन की जरूरत खत्म हो जाएगी। नियमित यात्रियों के लिए रियायती दरों पर मंथली पास भी उपलब्ध कराया जाएगा। पूरे परिसर में हाई-डेफिनिशन कैमरे और ट्रैकिंग सिस्टम लगाए जाएंगे, जिससे वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी।

# अब लाइन खत्म! राजगीर सफारी में एक ही पास से मिलेगा पूरा जंगल एक्सपीरियंस




## लॉन्च हुआ प्रायोरिटी पैकेज

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पर्यटन नक्शे पर तेजी से उभरते आकर्षण केंद्रों में शामिल राजगीर सफारी और राजगीर नेचर सफारी में अब पर्यटकों के लिए एक नया और सुविधाजनक विकल्प शुरू किया गया है। पर्यटन विभाग ने यहां आने वाले सैलानियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रायोरिटी पैकेज की शुरूआत की है, जिससे टूरिस्ट एक ही टिकट में दोनों सफारियों और कई एडवेंचर गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे। इस नए पैकेज की सबसे बड़ी खासियत यह है कि अब पर्यटकों को अलग-अलग टिकट और लंबी लाइनों में लगने की जरूरत नहीं होगी। एक ही प्रायोरिटी टिकट पर टूरिस्ट जू सफारी और नेचर सफारी

### पैकेज में क्या-क्या मिलेगा?

**इस प्रायोरिटी पैकेज में कई आधुनिक और रोमांचक सुविधाएं शामिल की गई हैं, जैसे–**

- जू सफारी एंट्री
- 180 डिग्री थिएटर
- एवियरी टूर
- नेचर सफारी एंट्री
- ग्लास ब्रिज व सस्पेंशन ब्रिज
- जिप लाइन और जिप बाइकिंग
- राइफल शूटिंग और आर्चरी
- वॉल क्लाइंबिंग
- इलेक्ट्रिक व्हीकल सफारी

दोनों का अनुभव ले सकेंगे। इसके साथ ही कई एडवेंचर और एंटरटेनमेंट एक्टिविटीज भी इस पैकेज में शामिल की गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह पैकेज खासतौर पर फैमिली टूरिस्ट, विदेशी पर्यटकों और बौद्ध सर्किट से आने वाले यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। इसके अलावा, पर्यटकों को गाइडेड टूर भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें प्रशिक्षित गाइड हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में जानकारी देंगे। प्रायोरिटी पैकेज की कीमत वयस्कों के लिए 2000 रुपये और बच्चों के लिए 1000 रुपये तय की गई है। वहीं, सामान्य टिकट का शुल्क ऑफलाइन 250 रुपये और ऑनलाइन 750 रुपये रखा गया है। इस व्यवस्था के तहत हर स्लॉट में सीमित टिकट ही जारी किए जाएंगे। एक स्लॉट में अधिकतम 20 टिकट मिलेंगे और प्रतिदिन केवल 40 टिकट ही उपलब्ध होंगे। यह पैकेज सुबह 10 बजे और दोपहर 12 बजे के दो समय स्लॉट में संचालित होगा। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस नई व्यवस्था का उद्देश्य पर्यटकों को समय की बचत के साथ बेहतर अनुभव देना है। अब टूरिस्ट बिना किसी भीड़-भाड़ और लंबी कतारों के सीधे अपने टूर का आनंद ले सकेंगे। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अतिरिक्त सुविधाएं भी बढ़ाई हैं। वेटिंग एरिया में कूलर, ओआरएस घोल और ठंडे पेयजल की व्यवस्था की गई है। साथ ही वेटिंग शेड, बस स्टॉप शेड और एंट्रेंस प्लाजा जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई हैं, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। राजगीर का यह पर्यटन क्षेत्र लगातार लोकप्रिय होता जा रहा है। यहां स्थित ग्लास ब्रिज, जिप लाइन, जिप बाइकिंग और आर्चरी शूटिंग जैसे एडवेंचर एक्टिविटीज पर्यटकों के बीच खास आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। प्रतिदिन लगभग 1000 से 1200 पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। पिछले तीन महीनों में ही इन आकर्षणों पर 1 लाख 37 हजार से अधिक पर्यटक पहुंच चुके हैं, जो इसकी बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ता है। पर्यटकों की सुविधा के लिए सफारी परिसर के भीतर बस सेवा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे वे अलग-अलग लोकेशनों तक आसानी से पहुंच सकते हैं। जरूरत पड़ने पर ऑटो रिक्शा सेवा भी उपलब्ध है।

# गोपालगंज में 8 साल की बच्ची के साथ दरिंदगी : पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**

गोपालगंज जिले के हथुआ थाना क्षेत्र से एक ऐसी हृदयविदारक घटना सामने आई है, जिसने ना केवल कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि इंसानियत को भी शर्मसार कर दिया है। महज 8 वर्ष की एक मासूम बच्ची को पैसों का लालच देकर लगातार तीन दिनों तक शारीरिक शोषण किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस घटना के सामने आते ही पूरे इलाके में दहशत, आक्रोश और गहरा दुख व्याप्त हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित परिवार ने पुलिस से गुहार लगाई, जिसके बाद हथुआ थानाध्यक्ष शोयब आलम ने तत्परता दिखाते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने 40 वर्षीय आरोपी चन्दन प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। वहीं, गंभीर मानसिक और शारीरिक आघात से गुजर रही बच्ची को तत्काल मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों की टीम बच्ची की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने बताया कि घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए हथुआ एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया है।